## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईपीएस मीणा बने जांजगीर-चांपा के प्रभारी एसपी

**रायपुर (आरएनएस)।** आईपीएस बीएन मीणा को जांजगीर-चांपा का प्रभारी एसपी नियुक्त किया गया है। रविवार शाम गृहविभाग ने उक्त आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिले के पुलिस अधिक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के 23 अगस्त से एक अक्टूबर तक इंडक्शन प्रशिक्षण अवधि में रहने की वजह से उक्त अवधि तक तक का प्रभार बीएन मीणा को सौंपा गया है।

### संविदा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, कंपनी ने मानी मांगे

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में लंबे समय से संविदा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी जो आज खत्म हो गई है। दरअसल बिजली कंपनी ने संविदा कर्मचारियों की मांगे मान ली है। कर्मचारियों को अब एक मुश्त 13 हजार रुपए की राशि मिलेगी। साथ ही कंपनी अब विज्ञापन में पदों की संख्या बढ़ाएगी। 15 सौ की जगह अब 3 हजार पद पर भर्तियां होंगी।

### बराज का खुला एक गेट, 2799 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

**कोरबा (आरएनएस)।** पिछले 3 दिनों ने बादल बड़े मेहरबान है। खूब झमाझम बारिश हो रही है जिसकी वजह से जल भराव भी हो गया है। साथ ही इस बारिश से किसान खुश है। बारिश की वजह और सिंचाई के लिए डिमांड कम होने के कारण बराज का एक गेट खोल कर 2799 क्यूसेक पानी छोड़ना पड़ा। सिंचाई के लिए अभी नहरों में 5600 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बराज का गेट रोज खोलने की नौबत आ रही है। बारिश के कारण पानी की डिमांड कम होने से बांगो बांध का गेट खोलने की नौबत पहले ही आएगी।

### दो मोटरसाइकिलो में भिडंत, 2 युवकों की मौत

**कांकेर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर इलाके से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर प्रकाश में आई है यहादो बाईकों में जबरदस्त भिड़ंत हुई जिसमें दोनों बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई.। मिली जानकारी के अनुसार दो बच्चों सहित चार इस हादसे में घायल दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. मिली जानकारी के मुताबिक ये हादसा भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज में दो बाइकों में जबरदस्त भिड़ंत होने से बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर चारों घायलों को भानुप्रतापपुर अस्पताल लाया गया जहां पर इनका इलाज जारी है।

### देर रात चार पहिया वाहन में 18 बकरा–बकरी की चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर से लगे अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानिकचौरी से घर की बाड़ी में रखे 25 मवेशियों की चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम मानिकचौरी अभनपुर निवासी छबिराम यादव ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी गांव के मवेशियों को चराने का काम करता है। साथ ही वह अपने घर में बकरी पालन करता है। बीती रात उसकी बाड़ी से 25 मवेशियों में से 18 'बकरा–बकरी' की अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली।

# बोरिदा बेरियर में नाकेबंदी कर 3 गांजा तस्कर गिरफ्तार

**» आरोपियों से 51 किलो गांजा, 2 मोटरसाइकिल व 2 मोबाइल जब्त**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के कुशल मार्गशन पर सरिया टीआई विवेक पाटले एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 21/08/2021 के शाम मुखबिर सूचना पर बोरिदा बेरियर में ओड़िशा से मोटर सायकल पर गांजा लेकर आ रहे दो आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनसे 51 किलो गांजा बरामद हुआ है, खास बात यह है कि पुलिस की ओड़िशा बार्डर पर बढाई गई चौकसी को देखते हुये गांजा तस्करों के आगे एक मोटर सायकल पर उनका एक साथी पुलिस की जांच पड़ताल, नाकेबंदी को पीछे अपने दोनों साथियों को लगातार संकेत दे रहा था, बावजूद सरिया पुलिस की सूझबूझ में दोनों आरोपी पकड़े गये हैं, जिन पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है ।

जानकारी के अनुसार दिनांक 21/08/2021 के दोपहर थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले को एक काले रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल पर दो लड़के उड़ीसा के गढियापाली से गांजा लेकर निकले हैं जिनके साथ एक नीले रंग की सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल पर एक लड़का पायलटिंग करता जा रहा है, तीनों के जल्द ही सरिया पार होने की सूचना मिला । सूचना पर थाना प्रभारी तत्काल अलग-अलग स्थान पर स्टाफ को निगाह रखने निर्देशित कर स्वयं हमराह स्टाफ के साथ बोरिदा बेरियर नाकेबंदी के लिये रवाना हुये । देर शाम करीब 18.45 बजे नीले रंग की मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स में एक युवक ओडिशा की ओर से आया जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम किशोर सा बताया । उसके पीछे थोड़ी ही देर में दो युवक काले रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल में आए जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रोका गया, बाइक चला रहा युवक अपना नाम शैलेंद्र महानंदा तथा पीछे बैठा युवक ज्योतिरानंद छत्रिया नाम बताया। पुलिस टीम उन्हें चेकिंग के कारण बताते हुये उनकी तलाशी लिया गया । काले रंग की पैशन प्रो के दोनों ओर दो झोला एवं चालक और पीछे बैठे युवक के बीच रखा थैला में गांजा मिला, कड़ी पूछताछ में पता चला कि उसका साथी नीले रंग की मोटर सायकल हिरो एचएफ डिलक्स में किशोर सा पॉयलेटिंग करते हुये आया है। तीनों आरोपी अवैध रूप से बिक्री के लिए उड़ीसा से गांजा लेकर आ रहे थे, आरोपी 1- ज्योतिरानंद छत्रिया पिता नरसिंह छत्रिया उम्र 34 वर्ष निवासी पतीत बावनपारा तुसूरा थाना तुसूरा जिला बालांगीर (ओडिशा) 2- किशोर सा पिता बलराम सा उम्र 32 वर्ष साकिन कटापाली पोस्ट महलोई थाना तुसूरा जिला बालांगीर (ओडिशा) 3- शैलेन्द्र महानंदा पिता बंशी महानंदा उम्र 30 वर्ष साकिन तुसूरा थाना तुसूरा जिला बालांगीर (ओडिशा) के रहने वाले बताये । पुलिस टीम द्वारा आरोपी ज्योतियानंद छत्रिया एवं शैलेन्द्र महानंदा के कब्जे से 51 किलो गांजा कीमती 2,55,000 रूपये, एक ओप्पो मोबाइल एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल पैशन प्रो ओडी 03 सी-7624 कीमती 30 हजार रूपये तथा आरोपी किशोर सा जो पायलेटिंग करते दोनों को ला रहा था उससे नई मोटर सायकल हिरो एचएफ डिलक्स ओडी 03 एस-9265 कीमती 70 हजार रूपये एवं एक सैमसंग मोबाइल जप्त किया गया है । आरोपियों से जप्त मादक पदार्थ एवं मशरूका की कुल कीमत करीब 4,00,000 रुपए है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सरिया में एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई किया गया है । तीनों आरोपियों को रिमांड पर भेजा जा रहा है ।

निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में माह अगस्त 2021 में सरिया पुलिस द्वारा 06 एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही के साथ ही 10 आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर भारी मात्रा में महुआ शराब जप्त किए गए हैं।

एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं सुपरविजन अधिकारी एएसपी गरिमा द्विवेदी के दिशा निर्देशन पर निरीक्षक विवेक पटले अपनी टीम के आरक्षक खिरेन्द्र जलतारे, महादेव बंजारा, सत्यम मंडलोई, सिया राम कोरस, दिलीप सा, सुरेन्द भगत के साथ सम्पूर्ण कार्रवाई की गई है ।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 744.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 744.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 22 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 1087.4 मिमी और बालोद जिले में सबसे कम 501.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 620.9 मिमी, सूरजपुर में 943.9 मिमी, बलरामपुर में 775.8 मिमी, जशपुर में 765.5 मिमी, कोरिया में 793.1 मिमी, रायपुर में 620.0 मिमी, बलौदाबाजार में 729.6 मिमी, गरियाबंद में 631.5 मिमी, महासमुंद में 588.9 मिमी, धमतरी में 639.6 मिमी, बिलासपुर में 799.6 मिमी, मुंगेली में 742.3 मिमी, रायगढ़ में 647.1 मिमी, जांजगीर चांपा में 779.6 मिमी, कोरबा में 1085.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 865.1 दुर्ग में 683.7 मिमी, कबीरधाम में 609.4 मिमी, राजनांदगांव में 561.0 मिमी, बेमेतरा में 856.8 मिमी, बस्तर में 735.2 मिमी, कोण्डागांव में 725.1 मिमी, कांकेर में 634.6 मिमी, नारायणपुर में 824.5 मिमी, दंतेवाड़ा में 788.4 मिमी और बीजापुर में 809.0 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

## प्लांट में फेरोक्रोम मेटल चोरी करने घुसे दो चोर पकड़ाये

**» आरोपियों से 250 केजी फेरोक्रोम मेटल जब्त, पूंजीपथरा पुलिस की कार्रवाई**

**रायगढ़।** दिनांक 22/08/2021 को थाना पूंजीपथरा में तिरुमाला बालाजी एलायज प्राइवेट लिमिटेड पूंजीपथरा कंपनी के उप महाप्रबंधक राजीव शर्मा (उम्र 52 वर्ष) प्लांट से बीते रात करीब 450 किलोग्राम फेरोक्रोम मेटल कीमती 45,000 रुपए की चोरी अज्ञात चोर कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया । रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 21-22/082021 के दरमियानी रात लगभग 02ः00 बजे प्लांट के सुरक्षा गार्ड प्लांट अंदर चोरी करने घुसे कुछ व्यक्तियों में दो को दौड़ाकर प्लांट के बाहर पकड़े, जिनमें से एक व्यक्ति अपना नाम कृष्णा साहू और दूसरे ने लाला साहू बताया है, दोनों सगे भाई हैं, ग्राम तुमीडीह के रहने वाले हैं, उनके साथ आये दो चोर कुछ फेरोक्रोम मेटल चोरी कर भागे हैं, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 232/2120 धारा 457, 380, 34 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

आरोपी कृष्णा चौहान पिता आनंद राम साहू उम्र 24 वर्ष एवं लाल साहू पिता आनदं राम रहा 20 साल निवासी तुमीडीह थाना पूंजीपथरा के मेमोरंडम के आधार पर दोनों से 250 केजी फेरोक्रोम की जप्ती की गई है । आरोपियों ने साथ में दो और लड़के को चोरी करने प्लांट में घुसना बताया गया है जो अपने साथ करीब 200 केजी फेरोक्रोम मेटल चोरी कर साथ ले गये हैं, बताये है , जिनकी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम दबिश दे रही है । गिरफ्तार आरोपी कृष्ण साहू एवं लाला साहू को आज रिमांड पर भेजा गया है ।

थाना प्रभारी पूंजीपतरा कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक सेमसोन मिंज, सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक विद्या सिदार, प्रबंध राठिया, खेमलाल चौहान की अहम भूमिका रही है।

## उद्योग मंत्री ने 2 करोड़ 65 लाख की लागत से निर्मित होने वाले 13 कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर (आरएनएस)।** वाणिज्य कर (आबकारी) एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा आज जिला नारायणपुर में विभिन्न समाजों के लिए निर्मित होने वाले भवनों के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री लखमा ने यहां विभिन्न समाजों के लिए 2 करोड़ 65 लाख रूपये की राशि से निर्मित होने वाले भवन, अतिरिक्त कक्ष, बॉउण्ड्री वॉल के लिए भूमिपूजन कर जिले वासियों को सौगात दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे।

मंत्री लखमा ने भूमि पूजन पश्चात विभिन्न समाजों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बस्तर के सभी आकांक्षी जिलों पर विशेष रूप से ध्यान केद्रिंत है। बस्तर के जिलों के विकास के लिए समय-समय पर निर्माण कार्यो के लिए शासन द्वारा राशि जारी की जाती है और निर्मित संरचनाओं से यहां के लोगों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि नारायणपुर जिले में विगत दो वर्षों में विकास के अनेक कार्य किए गये है। क्षेत्र के लोगों के बेहतर आवागमन की सुविधा के लिए सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, जिनमें छोटेडोंगर से बारसुर सड़क मार्ग उल्लेखनीय है।

मंत्री लखमा ने कहा कि नारायणपुर जिले में विकास के अनेक कार्य किए जा रहे है। सड़कों के निर्माण पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। नारायणपुर स्थित बंधुवा तालाब के साफ-सफाई एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 13 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 6 करोड़ रूपये की राशि जारी कर दी गई है और तालाब की साफ-सफाई का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। नारायणपुर में सड़क निर्माण के लिए 13 करोड़ की राशि मंजूरी दी गई है। उन्होंने राज्य शासन द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक नीरज चंद्राकर एवं जिले के जनप्रतिनिधि सहित गोंडवाना समाज, हल्बा समाज, देवांगन समाज, महार समाज, सतनामी समाज, व्यापारी समाज, ब्राहम्ण समाज, मुस्लिम समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत, 3 गंभीर

**» राखी त्योहार मनाने जा रहे था परिवार**

**जशपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में भीषण रक्षाबंधन के दिन एक ही परिवार के दो लोगों की एक सड़क हादसे में मौत हो गई वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग दो मोटरसायकल में सवार होकर रक्षाबंधन पर्व मनाने जा रहे थे किंतु इस हादसे ने त्योहार को मातम में बदल दिया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना कुनकुरी थानाक्षेत्र के जोकारी गांव की बताई जा रही है। जहां एक परिवार के कुछ लोग राखी त्योहार मनाने दो मोटरसायकल में सवार होकर जा रहा थे इसी बीच हादसे का शिकार हो गये और दो लोगों की जान चली गई। बताया जाता है यह घटना कुनकुरी विधायक यूडी मिंज के घर के पास हुई है। मामले की जानकारी मिलते ही विधायक ने तुरंत अपनी गाड़ी से सभी को अस्पताल भेजा। घायलों को कुनकुरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।

## संदिग्धों की पूछताछ में सारंगढ़ पुलिस के हाथ आया बाइक चोर

**» आरोपी से चोरी की दो मोटरसाइकिलें जब्त**

**रायगढ़।** गत दिनों सारंगढ़ क्षेत्र के श्री लक्ष्मी ज्वेलर्स में हुई चोरी के माल मुल्जिम की पतासाजी के लिये एसडीओपी सारंगढ़ एवं थाना प्रभारी सारंगढ़ के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग पार्टी एक सिरे से क्षेत्र के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है । साथ ही थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक अमित शुक्ला अपने मुखबिरों को सक्रिय कर चोरी, लूटपाट, मारपीट जैसी घटनाओं में शामिल रहने वाले अद्यतन बदमाशों की सूचना देने निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में आज दिनांक 22/08/2021 को पुलिस की एक टीम चौहानपारा सारंगढ़ में रहने वाला विजय चौहान चोरी की बाइक घर में छिपाकर रखने की सूचना पर थाना प्रभारी के हमराह पुलिस टीम रेड कर संदिग्ध को थाना लाया गया है, जिससे पूछताछ कर उसके मेमोरेंडम पर चोरी की दो मोटर साइकिलें हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 13 यूएच -6611 (कीमती करीब 25,000 रुपए) तथा एक डिस्कवर मोटरसाइकिल सीजी 16 एफ-6541 (कीमती करीब 25,000 रुपए) बरामद किया गया है ।

वाहन चोरी के संबंध में वाहन स्वामियों द्वारा थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । सारंगढ़ पुलिस आरोपी विजय चौहान पिता गांधी चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी चौहानपारा सारंगढ़ को अपराध क्रमांक 504/2021 धारा 457 380 ताहि एवं 505/2021 धारा 379 ताहि में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है । सारंगढ़ पुलिस लगातार संदिग्धों एवं बाहर से काम करने आये संदिग्धों से पूछताछ कर जानकारी ली जा रही है।

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी

**» कलेक्टर धावड़े ने दिए संबंधित विभागों को शासन की मंशानुरूप कार्य के निर्देश**

**» प्रति परिवार सालाना 6000 रुपए का मिलेगा अनुदान, पात्र परिवारों के मुखिया का पंजीयन 01 सितंबर से**

**कोरिया (आरएनएस)।** ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन कृषि मजदूरों की पहचान करने तथा उन्हें वार्षिक आधार पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए शुरु की गई राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक परिवार को सालाना 6000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने संबंधित विभागों को शासन की मंशा अनुसार कार्य करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टरों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि मजदूरी पर निर्भर है। राज्य में खरीफ सत्र में ही कृषि मजदूरी के लिए पर्याप्त अवसर रहता है, किन्तु इनमें कई भूमिहीन कृषि मजदूर हैं, जिनके पास अपनी स्वयं की भूमि नहीं है। रबी सत्र में फसल क्षेत्राच्छादन कम होने के कारण कृषि मजदूरी के लिए अवसर भी कम हो जाते हैं।

कृषि मजदूर कार्य में संलग्न ग्रामीणों में अधिकतर लघु, सीमांत अथवा भूमिहीन कृषक हैं। इसमें से भूमिहीन कृषि मजदूर को अन्य की अपेक्षा रोजगार के कम अवसर ग्राम स्तर पर उपलब्ध होते हैं। राज्य शासन द्वारा ऐसे वर्ग को संबल प्रदाय करने की दृष्टि से राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना शुरू की जा रही है। इसमें ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के अंतर्गत चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे - पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा शासन द्वारा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, यदि उस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। आवासीय प्रयोजन हेतु धारित भूमि, कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी।

ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के मुखिया को अनुदान सहायता राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ ''राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना'' पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। योजनांतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के मुखिया को निर्धारित समयवधि में राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के पोर्टल आरजीजीबीकेएमएनवाय डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन rggbkmny.cg.nic.in में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पोर्टल में पंजीयन का कार्य 01 सितम्बर से 30 नवम्बर 2021 तक किया जायेगा। पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, बैंक पासबुक के छाया प्रति के साथ आवेदन सचिव, ग्राम पंचायत के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। आवेदन में यथा संभव मोबाईल नम्बर का भी उल्लेख करना होगा।

हितग्राही परिवार आवेदन की पावती ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकेगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में भुईया रिकार्ड के आधार पर ग्रामवार बी-1 तथा खसरा की प्रतिलिपि चस्पा की जायेगी। जिससे भू-धारी परिवारों की पहचान स्पष्ट को सके तथा भूमिहीन परिवारों को आवेदन भरने में सुविधा प्राप्त हो सके।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480